दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 138 मुरादाबाद 13 September 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## हिंदू पक्ष की वह दलीलें जिसके आधार पर ज्ञानवापी मस्जिद मामले में आया अदालत का फैसला




वाराणसी - देश के बहुचर्चित विवादास्पद ज्ञानवापी मस्जिद मामले में अहम फैसला आ गया। ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी प्रकरण में राखी समेत पांच हिंदू महिलाओं की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर मुकदमा अदालत द्वारा सुनने योग्य पाया गया है। इसी के साथ मुस्लिम पक्ष का प्रार्थना पत्र अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत में दाखिल प्रार्थना पत्र के जरिए हिंदू पक्ष ने पुराणों के साथ मंदिर के इतिहास से लेकर उसकी भौतिक संचरना तक का जिक्र अपनी मांग में किया किया है। इस बात ज्ञानवापी मस्जिद परिसर स्थित श्रृंगार गौरी और अन्य देवी देवताओं के विग्रहों को 1991 की पूर्व स्थिति की तरह ही हिंदुओं के लिए नियमित दर्शन- पूजन के लिए सौंपे और सुरक्षित रखे जाने की मांग की थी। अदालत में हिंदू पक्ष की ओर से दायर प्रार्थना पत्र के अनुसार दशाश्वमेध घाट के पास आदिविशेश्वर महादेव का ज्योतिर्लिंग है और पूर्व में एक भव्य मंदिर यहां पर मौजूद था, जिसमें आज भी हिंदुओं की आस्था है। इसे लाखों सालों पूर्व त्रेता युग में स्वयं भगवान शिव ने ही यहां स्थापित किया था। इस समय यह ज्ञानवापी परिसर प्लाट संख्या 9130 पर स्थित है। यहां पुराने मंदिर परिसर में ही मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश, हनुमान, नंदी, दृश्य और अदृश्य देवी देवता हैं। मुस्लिम आक्रमणकारियों ने वर्ष 1193-94 से कई बार इस मंदिर को नुकसान पहुंचाया। हिंदुओं ने उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कर मंदिर को पुनर्स्थापित किया है।सन 1585 में जौनपुर के तत्कालीन राज्यपाल राजा टोडरमल ने अपने गुरु नारायण भट्ट के कहने पर उसी स्थान पर भगवान शिव का भव्य मंदिर बनवाया। वह स्थान जहां मंदिर मूल रूप से अस्तित्व में था यानी भूमि संख्या 9130 पर केंद्रीय गर्भगृह से युक्त आठ मंडपों से घिरा हुआ था। इस क्षेत्र में मुगल शासक औरंगजेब ने 1669 ईस्वी में मंदिर को ध्वस्त करने का फरमान जारी किया था। भगवान आदि विशेश्वर के प्राचीन मंदिर को आंशिक रूप से तोड़ने के बाद, वहां ज्ञानवापी मस्जिद नामक एक नया निर्माण किया गया था।बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास और संस्कृति विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डा. एएस अल्टेकर ने अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ बनारस में मुसलमानों द्वारा प्राचीन काल में बनाए गए निर्माण की प्रकृति का वर्णन किया है। औरंगजेब ने उक्त स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए कोई वक्फ नहीं बनाया था। इसलिए मुसलमानों से संबंधित किसी भी धार्मिक कार्य के लिए भूमि का उपयोग करने का अधिकार नहीं है। भूमि संख्या 9130 पांच क्रोश भूमि के साथ पहले से ही देवता आदिविशेश्वर में लाखों साल पहले ही निहित हो चुकी थी और देवता मालिक हैं।वर्ष 1780-90 में इंदौर की रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भगवान शिव का एक मंदिर बनवाया। पुराने मंदिर और भगवान शिव के शिव लिंगम के बगल में एक शिव लिंगम की स्थापना की। सुविधा के लिए रानी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित मंदिर को नया मंदिर और श्री आदि विशेश्वर मंदिर को पुराना मंदिर कहा जा रहा है। कथित ज्ञानवापी मस्जिद की पश्चिमी दीवार के पीछे प्राचीन काल से मौजूद देवी श्रृंगार गौरी की छवि है और उनकी लगातार पूजा की जाती है। स्कंदपुराण के अनुसार भगवान विश्वनाथ की पूजा का फल प्राप्त करने के लिए मां देवी श्रृंगार गौरी की पूजा अनिवार्य है।वर्ष 1936 में दीन मोहम्मद की ओर से ज्ञानवापी को लेकर दाखिल मुकदमें में परिसर की पैमाइस एक बीघा नौ बिस्वा छह धूर बताई गई है। इस मुकदमे के गवाहों ने देवी मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश, भगवान हनुमान और दृश्य और अदृश्य देवताओं की छवियों उसी स्थान पर होने दैनिक पूजा करने को साबित किया है। उत्तर प्रदेश काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम 1983 के तहत मंदिरों, मंदिरों, उप मंदिरों और अन्य सभी छवियों की पूजा करने के अधिकार हिंदुओं को प्राप्त है। मां श्रृंगार गौरी की पूजा को वर्ष में केवल एक बार प्रतिबंधित करने का कोई लिखित आदेश पारित नहीं किया हैमांग किया कि ज्ञानवापी परिसर ( आराजी संख्या 9130 ) में मौजूद मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, नंदी जी और अन्य दृश्य और अदृश्य देवताओं के दैनिक दर्शन, पूजा, आरती, भोग का अधिकार वादियों को है इसलिए उन्हें ऐसा करने में बाधा पहुंचाने वालों को रोका जाए। साथ ही उन्हें किसी तरह की क्षति पहुंचाने से रोका जाए। सुरक्षा के लिए शासन व जिला प्रशासन को निर्देश दिया जाए।

## T20 World Cup 2022 के लिए भारतीय टीम का ऐलान, इन खिलाड़ियों को मिली जगह



नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया। रोहित शर्मा की कप्तानी में ये टीम इस साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में खिताबी जीत हासिल करने के लिए मैदान पर अपना दम दिखाएगी। इस टीम में हर्षल पटेल, दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को मौका दिया गया जो पहली पहली बार टी20 वर्ल्ड कप भारत के लिए खेलेंगे। टीम का हिस्सा टी20 वर्ल्ड कप टीम में दिनेश कार्तिक को मौका दिया गया जिनका पिछले दिनों शानदार प्रदर्शन रहा था। वहीं आर अश्विन भी टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद एक बार फिर से टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। वर्ल्ड कप की इस टीम में मो. शमी को जगह नहीं दी गई, लेकिन वो स्टैंड-बाई खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ रहेंगे। शमी के अलावा स्टैंड-बाय खिलाड़ी के रूप श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई और दीपक चाहर भी टीम में शामिल किए गए। टी20 वर्ल्ड कप 2022 की टीम में भारतीय आलराउंडर रवींद्र जडेजा को मौका नहीं दिया गया जिनकी पिछले दिनों घुटने की सर्जरी हुई थी। रोहित शर्मा टीम के कप्तान हैं जबकि केएल राहुल टीम के उप-कप्तान होंगे। टीम में बतौर तेज गेंदबाज बुमराह, भुवी, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह हैं जबकि टीम में पांचवें तेज गेंदबाज के रूप में हार्दिक पांड्या हैं। वहीं स्पिनर के तौर पर टीम में आर अश्विन, चहल और अक्षर पटेल हैं। चहल टी20 वर्ल्ड कप 2021 में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे, लेकिन इस बार टीम में जगह बनाने में सफल रहे।

### टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान) विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, रिषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, युजवेंद्रा सिंह चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह। स्टैंड-बाय- मो. शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, दीपक चाहर।

## सीबीआई करेगी सोनाली फोगाट मौत मामले की जांच, गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी



गोवा में हाई प्रोफाइल सोनाली फोगाट मौत मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय ने जांच की सिफारिश कर दी है। इससे पहले गोवा के सीएम ने भी सीबीआई जांच की बात कही थी। वहीं सोनाली फोगाट का परिवार भी लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रहा था। रविवार को हिसार की एक धर्मशाला में इसी मांग को लेकर एक खाप पंचायत भी बुलाई गई थी जिसमें फोगाट की बेटी यशोधरा भी पहुंची थीं।

### हरियाणा सरकार ने की थी यह मांग

सोनाली फोगाट मामले की जांच गोवा पुलिस कर रही थी। हालांकि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने पहले ही कहा था कि मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि गोवा पुलिस की जांच से अगर परिवार संतुष्ट नहीं होगा तो यह केस सीबीआई को सौंप देना चाहिए। गोवा पुलिस की टीम पिछले कई दिनों से गुरुग्राम, नोएडा और अन्य जगहों पर जाकर सबूत जुटाने में लगी हुई थी। बता दें कि बीते 23 अगस्त तो सोनाली फोगाट की संदिग्ध परिस्थितियं में मौत हो गई थी। गोवा के अंजुना अस्पताल में उन्हें मृत लाया गया था। इस मामले में फोगाट के पीएम सुधीर सांगवान और एक अन्य शख्स को गिरफ्तार किया गया जिसने ड्रग्स देने की बात कबूल की है। उन्होंने माना कि सोनाली को दो बार ड्रग्स दिया गया था। पहले बताया गया था कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। बाद में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया ता कि उनके शरीर पर चोट थी। इस मामले में ड्रग तस्करी में शामिल तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। सोनाली फोगाट के भतीजे विकास सिंघमार ने कहा था कि गोवा पुलिस पर राजनीतिक प्रभाव है इसलिए निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है। वहीं सोनाली फोगाट की बेटी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की थी।

# 200 किलोग्राम लहन तथा 28 लीटर कच्ची शराब बरामद



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशनुसार जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक नामवर सिंह द्वारा थाना कटरा के गांव ककरा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 28 लीटर कच्ची शराब शराब बरामद की गई और मौके से लगभग 200 किलोग्राम लहन बरामद कर नष्ट किया गया तथा दो अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

# भाजपा नेता सोनू अवस्थी ने पाठ्य सामग्री वितरित की



विपिन कुमार पाण्डेय

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी 'सोनू' ने एकल विद्यालय को पाठ्य सामग्री वितरित की, पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उसके बाद एकल विद्यालय को पाठ्य सामग्री वितरित की गई, भाजपा नेता विजय शंकर अवस्थी ने कहा कि एकल विद्यालय द्वारा गांव में बच्चों को संस्कार पूर्ण शिक्षा देने का जो कार्य किया जा रहा है, वह वास्तविकता में बहुत ही उत्तम कार्य है, इस मौके पर इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, एकल विद्यालय के प्रबंधक एवं आचार्य गण उपस्थित रहे।

# छ शातिर अपराधियों पर हुयी गैंगेस्टर की कार्यवाही

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


श्रावस्ती- श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने जनपद में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थों की अवैध बिक्री/परिवहन करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. विजय चौधरी पुत्र साहबदीन नि0 बल्दीरामपुरवा दा0 पतरहिया थाना नानपारा जनपद बहराइच, 2. पंकज चौधरी पुत्र कौशिक किशोर नि0 बल्दीरामपुरवा थाना नानपारा जनपद बहराइच

3. त्रिलोकीनाथ चौरसिया उर्फ राजेश पुत्र किडियावन नि0 पतरहिया थाना नानपारा जनपद बहराइच 4. अमन मधेशिया पुत्र पवन मधेशिया नि0 वार्ड नंबर 13 लोहिया नगर कस्बा सलेमपुर थाना सलेमपुर जनपद देवरिया 5. रुदल यादव पुत्र हीरालाल यादव नि0 सोनबरसा थाना सलेमपुर जनपद देवरिया 6. तारकेश्वर पुत्र रमन उर्फ रमायन नि0 वार्ड नंबर 12 सुगाही मोहन पिपरा थाना सलेमपुर जनपद देवरिया के विरुद्ध मु0अ0स0- 450/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर विजय चौधरी है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक/भौतिक लाभ हेतु अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर धनार्जन करते हैं

# ग्राहक सेवा केंद्र के उपभोक्ताओं के खाते से गायब हो रहे पैसे

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा के इंडियन बैंक शाखा मल्हीपुर के बीसी केंद्र साई गाँव चौराहा से पैसा जमा करने के बाद प्रहलाद पुत्र राम सेवक , करीमुन पत्नी अब्दुल रशीद , आशरूम पत्नी जुमई , ननका पत्नी मैकू , निवासी मल्हीपुर खुर्द ने आरोप लगाया कि बीसी केंद्र साई गाँव चौराहा में 8,000 रुपये जमा किया तथा 30/06/2022 को 7300 रुपये बैंक के खाते से रुपये काट लिए गए ।जब बैंक पासबुक चेक कराया गया तो मालूम पड़ा कि खाते पैसे नहीं है इस संबंध में पहलाद पुत्र रामसेवक द्वारा इंडियन बैंक मल्हीपुर शाखा पर थाना मल्हीपुर जिला अधिकारी श्रावस्ती मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्र भेजकर पैसा वापस दिलाए जाने की मांग किया है और बीसी केंद्र संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है

# राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने पंचायत घर का किया उदघाटन

विपिन कुमार पाण्डेय-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- विकासखंड खुटार के गांव चांदपुर में नवनिर्मित पंचायत घर का उदघाटन कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने किया, ग्राम प्रधान पंकज मिश्रा ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया एवं कार्यक्रम में मौजूद कई गांवों के प्रधान व सम्मानित लोगों ने राज्यसभा सांसद का फूल मालाओं से स्वागत किया, उसके बाद राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने फीता काटकर नवनिर्मित पंचायत घर का उद्घघाटन करते हुए कहा,राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में पंचायत घर बनाए जा रहे हैं, जिसमें एक पंचायत सहायक की तैनाती की गई है जिसमें ग्राम पंचायत में रहने वाले लोगों के आय प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य ऑनलाइन योजना के लाभ के लिए आवेदन किया जाएगा जिससे गांव वालों को अपने कार्यों के लिए इधर उधर दौड़ना नहीं पड़ेगा, उद्घघाटन समारोह में ग्राम पंचायत कोल्हुगाढा के प्रधान जीत शुक्ला ने विद्युत उप केंद्र बनाए जाने एवं अन्य विकास कार्यों की मांग की, जिस पर राजसभा सांसद ने जल्द ही विद्युत उप केंद्र बनावाये जाने का आश्वासन दिया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मुनीश तिवारी, प्रधान हरनाई होते लाल,प्रतापपुर प्रधान नवल सिंह, हरिओम मिश्रा, अश्विनी तिवारी,संदीप शुक्ला,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नगला ढक प्राथमिक विद्यालय की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई छात्र-छात्राओं में बीमारी फैलने की आशंका- ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राजेश कुमार सिंह नगला ढक् प्राथमिक विद्यालय पहुंचे स्कूल का पूरे का भ्रमण किया स्कूल के चारदीवारी न होने के कारण चिंता जताई मौजूदा स्कूल का स्टाफ से भी पूरी जानकारी हासिल की स्कूल की चारदीवारी न होने के कारण सफाई व्यवस्था खराब थी एवं चिंताजनक थी सफाई कर्मचारी की तैनाती न होने के कारण भारी गंदगी स्कूल के अंदर भरी पड़ी थी इस पर संबंधित सेक्रेटरी से फोन पर बातचीत की उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अति शीघ्र भेजा जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने स्कूल की कक्षाएं भी देखी बच्चों की उपस्थिति भी ठीक है मिली 65 बच्चों में से 36 बच्चे मौजूद स्थिति में मिले सभी शिक्षकों से छात्रों को अच्छी पढ़ाई और मेहनत से पढ़ाने की बात कही भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह शिक्षा विभाग से कहां है कि अति शीघ्र स्कूल की चारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जाए

जिससे कि स्कूल के अंदर सफाई व्यवस्था ठीक रहे दिन के समय स्कूल में गाय भैंसों का बांस रहता है सोच आदि करती हैं डेंगू का प्रकोप चल रहा है तरह-तरह की बीमारी फैल रही है पढ़ने वाले बच्चों के सामने इस विद्यालय में यह कठिनाई आती है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह स्कूल के स्टाफ से अच्छी शिक्षा ग्रहण करने को कहा है

# पत्रकार संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की कार्यकारिणी को किया भंग

सत्यम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति जिला बरेली की कार्यकारिणी को बरेली जिलाध्यक्ष सत्यम शर्मा ने अकस्मात भंग कर दिया। पत्रकार संगठन के बरेली जिलाध्यक्ष सत्यम शर्मा ?ने? बताया कि संगठन की नवीन कार्यकारिणी गठन तक संगठन में तहसील आँवला अध्यक्ष पद और जिले के संगठन मंत्री पद पर रहे मात्र दो पदाधिकारी संगठन की कार्यविधि पर ध्यान रखेंगे। उन्होने यह भी जानकारी दी? कि इस बीच संगठन के नाम से कोई पत्रकार साथी किसी भी गलत गतिविधि मे लिप्त पाया जाता है य उसकी कोई भी शिकायत कही से मिलती है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। संगठन से उसका कोई लेना देना नही होगा। सत्यम शर्मा ने कहां यह भी बताया कि न ई कार्यकारिणी गठन में साफ छवि के सक्रिय भूमिका मे रहने? वाले पत्रकार साथियो को ही संगठन मे जगह दी जायेगी बही नवीन कार्यकारिणी गठन प्रक्रिया से भी साथियों को अबगत करा दिया जाएगा ।। गौरतलब है कि सत्यम शर्मा के बरेली जिले मे जिलाध्यक्ष रहते हुये क्रांतिकारी पत्रकार संगठन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने लगातार पत्रकारों के हक की आवाज को हमेशा ही बुलन्द किया है

# खुटार पुलिस का अन्नायपूर्ण कारनामा पीड़ित का ही कर दिया चालान

विपिन कुमार पाण्डेय

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर के मोहल्ला बगियानाथ निवासी रामनरेश पुत्र उजागर लाल को सड़ी हुई मिठाई वापस करना एवं दुकानदार से शिकायत करना भारी पड़ गया, पहले तो पीड़ित को दुकानदार ने ही जमकर पीटा फिर पुलिस ने भी उसके ऊपर हाथ साफ किए जिसके बाद पीड़ित ने जब थाना दिवस पर शिकायत की तो उसे हवालात की हवा खिलाने के साथ-साथ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भी भेज दिया गया, पूर्व में ही आपको ज्ञात है, कि रामनरेश ने नगर के एक मुस्लिम समुदाय के मिठाई विक्रेता से मिठाई खरीदी थी घर पर खाने के बाद उसे पता चला कि मिठाई खराब हो चुकी है उसकी शिकायत करने पहुंचा तो पीड़ित को दुकानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर जातिसूचक गालियां देते हुए मौके पर ही पीट दिया जिसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को थाने लाया गया जहां पर पुलिस ने पीड़ित से जबरन समझौता करवा दिया जिसके बाद पीड़ित ने थाना दिवस पर शिकायत की उसके साथ अन्याय हुआ है और उसे दो दिन के अंदर न्याय ना मिला तो आत्महत्या कर लेगा, इस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पीड़ित को थाने बुलाकर पिटाई की और चालान कर दिया, पुलिस के इस रवैया से नगर में आक्रोश का माहौल है।

# महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने कन्या इंटर कॉलेज में लगाया शिविर




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली/उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में आज बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मुरादाबाद में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती बीमारी व उससे बचने के उपाय की जानकारी पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विषय से संबंधित जानकारी देने के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सौम्या व जनरल सर्जन डॉ आर के शर्मा ने उपस्थित छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के विषय में विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 सौम्या द्वारा स्कूली बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती बीमारी और उससे बचने के उपायों के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया कि सर्वाइकल कैंसर कैसे एक बड़ी बीमारी का रूप लेता है और इसके लिए कौन-कौन सी जॉच की जा सकती है, उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर हेतु गैर कष्टपूर्ण एवं सर्वाधिक प्रचलित ''पैप स्मीयर परीक्षण'' होता है, रक्त परीक्षण, एक्स रे एवं सी0टी0 स्कैन इत्यादि तथा सर्वाइकल कैंसर के इलाज के बारे में बताया गया कि पीड़ित आपरेशन-ट्यूमर का ज्ञान होने पर ट्यूमर एवं उसके आस-पास की कोशिकाओं का आपरेशन करके निकाल दिया जाता है। साथ ही उन्होंने बालिकाओं से अपने शरीर के हाइजीन के प्रति सतर्क रहने किसी भी समस्या को अपने परिवार में माँ से बताने और फिर अस्पताल जाने की भी सलाह दी। बालिकाओं ने उनसे खुलकर इस विषय पर बात की। डॉ0 आर के शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपाय की जानकारी देते हुये बताया कि महिलाओं के मध्य सम्यक जागरूकता होना अत्यधिक जरूरी है तथा महिलाओं/ बालिकाओं को विशेष रूप से यह समझाया जाय कि धूम्रपान अथवा तम्बाकू का सेवन उनको इस भयंकर बीमारी कीक चपेट में ला सकता है। यदि किसी भी प्रकार का कोई लक्षण अथवा संदेह होता है तो नियमित सर्वाइकल कैंसर की जॉच करायें तथा सर्वाइकल कैंसर का टीका अवश्य लगवायें।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सचिन कुमार दीक्षित द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों से सम्बन्धित विधिक जानकारी दी गयी एवं यह भी बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर एक आम बीमारी के रूप में फैल रही है। पूरी दुनिया में लगभग 10 प्रतिशत महिलायें सर्वाइकल कैंसर की बीमारी से पीड़ित हैं। सचिव द्वारा छात्राओं से आह्वान किया गया कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़कर सर्वाइकल कैंसर के जड़ से उन्मूलन हेतु सहयोग प्रदान करें इसी उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन चिकित्सीय जानकारी रखने वाले छात्रों के मध्य किया गया है। सर्वाइकल कैंसर मुख्यतया कम उम्र में बालिका के विवाह तथा उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित होने से, तम्बाकू एवं धूम्रपान का सेवन करने वाली महिलाओं को एवं कमजोर प्रतिरक्षा, किडनी के रोगी, एडस इत्यादि रोगियो को जल्दी होता है। सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरर्स एच0पी0वी0 से होता है तथा एच0पी0वी0-16, 18 वैरीयंट घातक है इसके लिये गार्डासिल वैक्सीन प्रभावी है जिसे 156 देशों ने मान्यता दी है। स्कूली बालिकाओं के मन से वैक्सीन के डर को निकालते हुए उन्हें वैक्सीन लगाने हेतु प्रेरित किया गया जिसके परिणामस्वरूप बहुत सी बालिकाओं से वैक्सीन लगवाने में रुचि दिखाई। जल्द ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कॉलेज में वैक्सीन कैम्प का आयोजन किया जायेगा। अन्त में बलदेव कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती नीति ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कॉलेज की शिक्षिकाओं समेत कनिष्ठ लिपिक श्री फैज उर रहमान शमसी, ने भी प्रतिभाग किया।

# करंट से मरे मजदूर के घर पहुंचे पूर्व विधायक



मुरादाबाद के कुंदरकी में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसे मजदूर की मौत के बाद सोमवार को पूर्व विधायक ने परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। कुंदरकी के पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान ने कहा कि दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ हैं। उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। इस दौरान मेहंदी हसन, साजिद उर्फ बबलू, हारून, मो. उमर उर्फ कपूर आदि रहे।

## झटका: निजी अस्पतालों में आयुष्मान स्कीम से सीजेरियन डिलीवरी बंद

मुरादाबाद प्रधानमंत्री जनआरोग्य आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को इसके माध्यम से निजी अस्पताल में सीजेरियन ऑपरेशन से डिलीवरी कराने की सुविधा बंद कर दी गई है। आयुष्मान योजना के लाभार्थी को निजी अस्पताल में सीजेरियन डिलीवरी कराने पर अब इसकी फीस का भुगतान करना पड़ेगा। वही सरकारी अस्पताल में पहले की तरह यह सुविधा निशुल्क प्राप्त होगी। मुरादाबाद में आयुष्मान योजना के डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर डॉ.पीतांबर सिंह ने इसकी पुष्टि की। 95 फीसदी सीजेरियन निजी अस्पताल में हो रहे थे- जिले में आयुष्मान लाभार्थियों के लगभग 95 फीसदी से ज्यादा सीजेरियन ऑपरेशन निजी अस्पतालों में दर्ज किए गए हैं। विभाग के जिम्मेदारों ने इसकी तस्दीक की।प्रति मरीज साढ़े ग्यारह हजार का है पैकेज- आयुष्मान स्कीम के अंतर्गत लाभार्थी के सीजेरियन प्रसव का पैकेज साढ़े ग्यारह हजार रुपए का तय है।

लाभार्थी का सीजेरियन करने वाले अस्पताल को प्रति मरीज साढ़े ग्यारह हजार रुपए प्राप्त हो रहे हैं।

### लाभार्थी बढ़ेंगे तो बढ़ाएंगे सहूलियत: सीएमएस

मंडल स्तर के महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ.सुनीता पांडेय ने कहा कि अस्पताल में अब सीजेरियन ऑपरेशन के मरीज बढ़ने पर एमसीएच बिल्डिंग में एसी आदि सभी सुविधाओं के साथ नया आयुष्मान वार्ड बनाया जाएगा।

# वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधी को सजा दिलाये-डीएम



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी तरह के वादों की समीक्षा करते हुए अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाये। शमन तामिला हेतु प्रोसिस रजिस्टर बनायें, निर्धारित लक्ष्य से आगे बढकर वादों के निस्तारण में अपनी अहम भूमिका निभायें। जिलाधिकारी ने कहा कि कैसे और बेहतर कार्य किया जाये शासकीय अधिवक्ता इसके लिए प्रयासरत रहें। ऐसा माहौल बनायें जिससे कि अपराधियों के दिल में भय उत्पन्न हो और समाज में अच्छा संदेश जाये। उन्होंने कहा कि वादों का दायरा प्रतिदिन बढ़ रहा है अतः वाद निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाये, जिन मामलों में अपील दायर करनी है उनमें समय से अपील भी दायर करें। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिये गये हैं हमें आपस में तालमेल कर और बेहतर रिजल्ट देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस दिन गवाह आये उसी दिन गवाही भी हो जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा ऐसे केस जो जजमेंट की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण करायें तथा अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से ही स्थिति बदलती है और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवाहों को होस्टाइल न होने दिया जाये। शुरु से केसों की मानीटरिंग की जाये और सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाये, जितना वादों का दायरा हो रहा है निस्तारण उससे अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अवगत कराये।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्टेªट हर्षिता सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन ब्रजराज सिंह, डीजीसी क्रिमनल, शासकीय अधिवक्तागण एवं ए0डी0जी0सी0, एसपीओ, ए0पी0ओ0 आदि उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Delay in lunar mission

Obstacles in NASA's lunar mission are not only increasing the anxiety of scientists, but also raising questions about modern science. Was the technology used 50 years ago better and the technology being used now is not justified? After twice postponing non-human missions, NASA has announced that it is considering two dates, September 23 or September 27, to attempt to launch Artemis into space. The success of the Artemis mission will demonstrate NASA's commitment and capability to expand human existence to the Moon and beyond.

NASA had to postpone its mission Moon, ie Artemis-1 again, because the problem of fuel leak again came in front of scientists. Needless to say, through the Artemis campaign, scientists are preparing to send humans to the moon again after 50 years. There is a plan to send humans to the moon again in 2025, but before that it is necessary for an unmanned vehicle to go to the moon and return. After all, why waiting for the next launch? Technology has its own problem, apart from this, the position of the stars also has to be seen, so that after launch, the vehicle can land at the right place and there is no accident on the way. The flight path of any spacecraft sent into space also depends on the gravity of both the Earth and the Moon. The adjustment must be correct, only then the vehicle can be saved from collision. Accordingly,

favorable conditions will be created after September 19. However, the major challenge is to prevent fuel leakage. It is good that the leakage is detected even before the flight and the vehicle and launch vehicle are being protected by deferring the mission. The technology of 50 years ago may have been very complicated, but then it was successful. Now technology is cutting-edge and fuel quality has also changed, so it will take some time to master. Scientists believe that not only NASA, all the scientific fraternity will have to be patient.

Apart from America, China is also passionate about space missions and its recent successes are attracting. China is still behind NASA, but it is worth noting that in 2019, China became the first country to safely land a spacecraft on the far side of the Moon. If India's Chandrayaan-2 had been successful, then India would have been ahead in the competition.

Significantly, the Chandrayaan-1 mission was successful in the year 2008. While orbiting the moon through that vehicle, India had obtained concrete evidence of water on the moon. There were high expectations from our mission Chandrayaan-2, but at the end of the day it crashed near the moon. It is said that there was a technical change between Chandrayaan-1 and Chandrayaan-2. We have to keep in mind that such campaigns are very expensive and their success would be all eyes. Instead of overhauling a successful technology, it should develop itself. In today's time, it is more important than the competition among scientists to learn from each other, only then there will be quick success in space science and its benefits will reach everyone.


# Bold South actress Amala Paul reveals the reason for rejecting Mani Ratnam's Ponniyin Selvan

South actress Amala Paul has finally revealed why she turned down an offer to star in director Mani Ratnam's up- coming magnum opus film Ponniyin Selvan. In an interview, he has given the reason for not doing this film. No regrets for not doing Ponniyin Selvan - Amala Paul in her interview told that when she was offered this film, she was not mentally ready to do that film. He also said that he has no regrets about leaving the offer. The actress said about this – I was not in the right mental state to do this, so I had to turn it down. If you ask me if I regret doing this, I will say no because some things are just right. I think it's just about how we look. Gave audition for Ponniyin Selvan - Amala Paul also said in the interview that she is a huge fan of Mani Ratnam sir. Amala also told that she had auditioned Mani Ratnam earlier for this film but then the film could not start. Amala told that then she was very excited about the film but then the work on it could not start. Amala also told that then Mani Ratnam sir had offered for this film but then I was not mentally ready for this film. Ponniyin Selvan 1 - Ponniyin Selvan Part 1 to release on 30th September is based on Kalki's creation. The film is set to hit the theaters on 30 September. Ponniyin Selvan stars Aishwarya Rai, Vikram, Karthi, Jayam Ravi, Trisha, Sarath Kumar and Aishwarya Lakshmi. Main Amala was recently seen in the Malayalam thriller Cadaver. Played the role of a pathologist in this film, who helps the police catch a serial killer. Recently, she was seen in Sony Liv's first Tamil anthology series Victim. She was a part of a segment directed by Venkat Prabhu and played the role of a carefree woman who doesn't mind living life on her own terms.



# Century of Brahmastra on the first weekend, earning crosses 100 crores

Ranbir Kapoor and Alia Bhatt's Brahmastra, which released on September 9, opened to a tremendous opening at the box office. According to the report of Box Office India, the film has collected around 38-39 crores on Sunday. Brahmastra's entry in the club of 100 crores - Brahmastra, which has already broken many records before the first weekend of its release at the box office, has so far earned Rs 100 crores nationwide. According to the report of Box Office India, the film collected around 38-39 crores on Sunday and other 4 crores have released collection figures in other languages. In this way, the film has earned around 42-43 crores on the third day. In this way, the film has collected 105 crores in the first weekend itself. It is a big deal for a film to cross the 100 crore mark in its first weekend without any holiday. Box office Brahmastra breaks record in Tamil Nadu, crosses ?160 crore in 2 days The office collection has crossed the 150 crore mark. According to production banners Star Studios and Dharma Productions, the second day figure of 'Brahmastra Part One: Shiva' stood at Rs 85, taking the total collection to Rs 160 crore. In this way, Ayan Mukerji directed films can be the fifth highest grossing film in the opening weekend. This film is also performing well together. South box office collection of 11-12 crores has also been added to its weekend collection.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# अज्ञात बदमाशों ने ट्रक चालक व संचालक के साथ की मारपीट



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अज्ञात बदमाशों ने ट्रक चालक व संचालक के साथ की मारपीट मारपीट कर अज्ञात बदमाश ट्रक की चारो बैटरी फोन ?5000 लेकर हुए फरार वही ट्रक चालक की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस व लिप्टिन चौकी इंचार्ज विपिन भाटी ने ट्रक चालक और संचालक को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लिया वहीं ट्रक चालक और संचालक ने लिफ्ट चौकी इंचार्ज पर मारपीट कर प्रताड़ित करने के लगाए गंभीर आरोप ट्रक चालकों का कहना यह भी हैं कि चौकी इंचार्ज द्वारा ट्रक चालक और संचालक के मैन पार्ट पर करंट लगाने का लगाया आरोप थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के लिप्टन चौकी के पास का मामला

# ननिहाल आई मासूम के साथ रिश्ते के मामा ने की दरिंदगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ननिहाल आई मासूम के साथ रिश्ते के मामा ने दरिंदगी की। एक माह बाद नानी ने लड़के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। लड़के को पुलिस ने पकड़ लिया और कानूनी कार्रवाई कर रही है। कोतवाली देहात के एक गांव निवासी नानी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मासूम धेवती एक माह पहले ननिहाल आई थी। आरोप है कि सात अगस्त को गांव विजौरी का लड़का मासूम को अपने साथ ले गया और मासूम के साथ गलत काम किया। कुछ दिनों बाद पीड़ित को जानकारी हुई। मामले में उच्चाधिकिारयों से शिकायत की थी। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली देहात पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बालक कक्षा सात का छात्र बताया जा रहा है। कोतवाली देहात पुलिस ने मामले की जांच कर रही है

# सपा नेता सुनील यादव के गांधी मार्केट स्थित आवास एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर जिला प्रशासन का चला बुलडोजर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जनपद मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी के नेता एवं नगर पालिका परिषद एटा की सभासद सपा नेता सुनील यादव के गांधी मार्केट स्थित आवास एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर चला कर की कार्रवाई की गई साईं 5¬00 बजे करीब बिना सूचना कर भारी पुलिस बल के साथ जिला प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बुलडोजर गांधी मार्केट में पहुंचा जहां सपा नेता सुनील यादव का कार्यालय भी है और उनके आवासी कार्यालय पर बिना किसी पूर्व सूचना के तथा नोटिस दिए बगैर ही बुलडोजर चला दिया गया जबकि सुनील यादव अदालत के कागज तथा हाईकोर्ट में लंबित वाद का हवाला देते रहे और उन्होंने आदेश की भी प्रति उपस्थित मजिस्ट्रेट को दिखाइए लेकिन तथा एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी और सीधे-सीधे धुवस्ती करने की कार्रवाई कर दी जिसमें इसी भवन के निकट एक हेयर कटिंग सैलून जो वातानुकूल था उसका भी भारी मात्रा में नुकसान हुआ सुनील यादव का आरोप है कि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें अपने भवन का सामान भी निकालने का समय नहीं दिया सपा नेता सुनील यादव ने आरोप लगाया है लोगों पर पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर दवाव में काम कर रहा है

# क्लीनिक पर बीमार महिला की मौत, संचालक भागा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

√ अलीगंज में अपंजीकृत क्लीनिक में महिला की मौत होने के मामला अभी संज्ञान में नहीं है। टीम को भेजकर क्लीनिक संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करायी जाएगी।-डा. उमेश चंद्र त्रिपाठी, सीएमओ, एटा

एटा-अलीगंज में किला रोड स्थित मोहल्ला टपकनटोला में एक अपंजीकृत क्लीनिक में बीमार महिला की मौत हो गई। महिला की मौत होते ही क्लीनिक बंद कर संचालक भाग गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव झकरई निवासी विनीता (32) पत्नी वीरपाल रक्तस्त्राव हो रहा था। महिला को मोहल्ला टपकनटोला किलारोड में अपंजीकृत क्लीनिक में भर्ती कराया था। पति का आरोप है कि क्लीनिक संचालक सुशील ने विनीता को बोतल लगा दी। बोतल चढ़ते ही महिला का शरीर ठंडा पड़ने लगा। तब संचालक ने उसको जूस लेने के लिए भेज दिया। जब वह जूस लेकर आया तब तक उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना वीरपाल ने परिवारीजनों को दी। परिवारीजनों ने क्लीनिक पर पहुंचकर हंगामा किया। इससे पूर्व ही क्लीनिक संचालक सुशील गायब हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली अलीगंज पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नहर में डूबे युवक का शव मिला, आधा हिस्सा खा गए मगरमच्छ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विजर्सन के दौरान नहर में डूबे युवक का शव रविवार को बरामद हो गया। युवक के शरीर के आधे हिस्से को मगरमच्छ खा गए। शव को देख परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि थाना मारहरा के मोहल्ला सराय का मीरा निवासी विकास 9 अगस्त को मारहरा से गणेश प्रतिमा का विर्सजन करने के लिए हजारा नहर मिरहची में आया था। विजर्सन करने के दौरान विकास का पैर फिसल गया और पानी के तेज बहाव में बह गया था। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजने का प्रयास किया। सुबह आठ बजे जिला फिरोजाबाद थाना एका क्षेत्र में स्थित झाल गोपालपुर पुल पर विकास का शव मिला। युवक के शव का ऊपर का हिस्सा मगरमच्छ खा गए थे। शव की पहचान विकास की पेंट, जेब में पड़ी बाइक की चाबी से हुई। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 3 मंजिला पुरानी इमारत पर अवैध तरीके से लगाया जा रहा है काफी ऊंचा मोबाइल टावर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा के बनगांव में पानी की टंकी के सामने 3 मंजिला पुरानी इमारत पर अवैध तरीके से लगाया जा रहा है काफी ऊंचा मोबाइल टावर,सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर तीन मंजिला बिल्डिंग पर अवैध तरीके से लगाया जा रहा है टावर, मोहल्ले और पडौस में बने मकान वाले इस मोबाइल टॉवर का विरोध करते हुए बता रहे है लोगों की जान का खतरा, बनगाँव की पुरानी कोठी मधू कुंज की तीसरी मंजिल पर मानकों को ताक पर रखकर दबंगई से लगाया जा रहा है अवैध रूप से टॉवर, प्रशाशन बे खबर, बनगाँव वासियों ने जिला प्रशाशन और पुलिस से अवैध टॉवर को इस पुरानी इमारत पर जनहित में रोकने की, की अपील, अगर जबरन टॉवर लगाया जाता है तो मोहल्ले के लोग कलेक्ट्रेट पर धरना देने की दे रहे है चेतावनी, बिना पिलर की पुरानी बिल्डिंग पर पड़ोसियों को लग रहा है अपने परिवार को खतरा। थाना कोतवाली नगर के बनगाँव टँकी के सामने का मामला।

# जलेसर की शोरा फैक्ट्रियों की होगी जांच - स्वतंत्रदेव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जलेसर में खारा पानी के लिए जिम्मेदार मानी जा रही शोरा फैक्ट्री को लेकर जांच कराई जाएगी। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि इसके लिए लखनऊ से ही जांच कराएंगे। अगर इनसे पानी खारा हो रहा है कि यह चितंनीय है। आरएसएस के संघचालक राजपाल सिंह के परिवार को सांत्वना देने के बाद पुलिस लाइन में वार्ता के कहा जलेसर क्षेत्र के इस मामले की जानकारी नहीं है। शोरा फैक्ट्री जो संचालित हैं इनकी अधिकारी के माध्यम से जांच कराई जाएगी। अभी तक शोरा फैक्ट्री को लेकर प्रदेश सरकार ने बंद करने के आदेश जारी कर दिए। इन फैक्ट्रियों से जो पानी निकलता है वह दूषित है और क्षेत्र के मिट्टी और पानी को भी दूषित कर रहा है। प्रदूषण बोर्ड की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट आदेश दिए गए हैं। जलेसर क्षेत्र पिछले 70 वर्षों से खारे पानी के दंश को झेल रहा है। इस क्षेत्र को मीठे पानी मुहैया नहीं हो सका है। करीब दो लाख की आबादी इससे प्रभावित है।

# मेडिकल कालेज में कमीशनखोरी, भर्ती में गड़बड़ी की होगी जांच

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आरएसएस प्रांत संघ चालक स्वर्गीय राजपाल सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा मेडिकल कालेज में कमीशनखोरी, अवनि परिधि भर्ती में हुई गड़बड़ियों की जांच करायी जाएगी। उसके लिए उन्होंने डीएम को निर्देशित किया है। मामले की जांच कर वह उनको अवगत कराएंगे। पुलिस लाइन हेलीपैड पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में कम्प्यूटर सामान खरीद में 15 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने और अवनि परिधि भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप है। मामला संज्ञान में है, इसकी जांच करायी जाएगी। जांच में दोषी मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज में चल रही अव्यवस्थाओं को दिखवाया जाएगा। उनको जल्द से जल्द दूर कराया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज वह प्रांत संघ चालक को श्रद्धांजलि देने आए है। इसलिए वह आज मेडिकल कालेज नहीं जा सकते। अगले भ्रमण में वह मेडिकल कालेज को जरूर देखेंगे।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर : सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए 14, 15, 16 एवम 17 सितंबर को लगेगा शिविर

### सुरक्षा जवान के 500 और सुरक्षा सुपरवाइजर के 50 पदों पर होगी भर्ती

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले के युवाओं के लिए सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए सुनहरा अवसर है। भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद ( एस एस सी आई ) नई दिल्ली द्वारा सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज अनुपपुर के तत्वावधान में जिले में आगामी 14, 15, 16 एवम 17 सितंबर को अलग अलग स्थानों पर भर्ती कैंप लगाई जा रही है। कैंप के माध्यम से जिले के सभी थानों-प्रखंडों से 500 सुरक्षा जवानों और 50 सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर युवाओं की भर्ती ली जाएगी । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के श्रम पदाधिकारी के समन्वय से जनपद पंचायत गौरेला, पेंड्रा एवम मरवाही के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर पंचायत गौरेला एवम पेंड्रा के मुख्य नगर पंचायत अधिकारियो से कहा गया है कि वे मुनादी कराकर अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को शिविर में भाग लेने और इस अवसर का लाभ उठाने युवाओं को प्रेरित करें। जिले के जिन थाना-जनपद परिसरों में कैंप लगाया जा रहा है, उनमें 14 सितंबर को गौरेला, 15 सितम्बर को पेंड्रा, 16 सितंबर को मरवाही एवम 17 सितम्बर को पुलिस लाइन गौरेला-पेंड्रा-मरवाही शमिल है।भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड लिया जाएगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

भर्ती से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रीजनल ट्रेनिंग सेंटर अनुपपुर की भर्ती टीम पहुंच चुकी है । सभी चयनित उम्मीदवारों को एक माह का प्रशिक्षण देने के बाद विभिन्न कार्य स्थलों-पीटी ड्रिल एवं ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायरफाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के संबंध में भर्ती अधिकारी श्री डी. के. शर्मा ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य सुरक्षा जवान उम्र 21 वर्ष से 36 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए उम्र 21 वर्ष से 36 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो होना अनिवार्य है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जाएगा राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता, योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, ग्रेच्युटी ईएसआई ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल, आवास एवं मेष की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। विस्तृत जानकारी मोबाई नंबर 7999896577 पर डी. के. शर्मा से ले सकते है ।

## समीक्षा बैठक में विधायक डॉ केके ध्रुव ने दिखाए कड़े तेवर

### कहा- शासन की योजनाओं का क्रियान्वन प्रभावी ढंग से हो

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- मरवाही विधायक डॉ केके ध्रुव आज बड़े दिनों के बाद मरवाही में अधिकारियों की विभाग वार समीक्षा बैठक ली। मरवाही के जनपद सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में लगभग सभी विभागों के अनुभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।इस बैठक में विधायक डॉ के के ध्रुव के तीखे तेवर भी देखने को मिला। बैठक के दौरान विधायक डॉ केके ध्रुव ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरण जैसे फौती नामांतरण, बटवारा, डिजिटल साइन आदि प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।वही उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट गौठान के समुचित देख रख करने,महिला समूहों को प्राथमिकता प्रदान करने,ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों के सतत मैनेट्रिंग करने,गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने,क्षेत्र में राशन दुकानों की पीडीएस के बारे में विस्तृत जानकारी अधिकारियों से ली, मरवाही क्षेत्र में कम बारिश को देखते हुए यहां रोजगार मूलक कार्यों की स्वीकृति अविलंब कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग को स्वीकृत सड़को के टेंडर प्रक्रिया पूरी करने तो नवीन सड़को के प्रस्ताव भेजने व सड़को में बने गड्ढों में डस्ट आदि भर कर पाटने को कहा गया।वहीं विधायक डॉ केके ध्रुव ने स्वास्थ्य विभाग में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में उपलब्ध दवाइयों, सुविधाओ, चिकित्सको व स्टाप की उपलब्धता की जानकारी ली और जीवन रक्षक दवाइयों को 24 घंटे उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।वही वन विभाग के अधिकारियों को जंगली हाथियों,भालू आदि जानवरो से हुए जान माल की हुई नुकसान का तत्काल मुवाजा प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक डॉ केके ध्रुव ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो और आमजन को किसी कार्यालय में भटकना न पड़े। विधायक डॉ केके ध्रुव ने कहा कि हमारी सरकार की प्रत्येक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह हम सब की जिम्मेदारी है।उन्होंने सख्त लहजे में अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वन प्रभावी ढंग से हो, इसकी जिम्मेदारी हम सभी को लेनी है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।आज के इस बैठक में मरवाही अनुविभाग के एसडीएम ,जनपद के सीईओ सहित,राजस्व पीडब्ल्यूडी, वन,जलसंसाधन,आर ई यस,स्वास्थ्य विभाग,महिला एवम् बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित अन्य कई विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीपीएम ने दिखाया दम-जीते 5 मेडल





ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- 33 वी वेस्ट जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11सितंबर तक स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यो के लगभग 650 एथलीट ने हिस्सेदारी की ये प्रतियोगिता कई आयु वर्ग 14,16,18,20 बालक बालिका में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करने छत्तीसगढ़ की टीम में जिला जीपीएम के तीन एथलीट जिसमे अरुण यादव लक्ष्मी मराबी और शिल्पी राठौर ने अपना स्थान बनाया प्रतियोगिता9 सितंबर को प्रारंभ हुई और पहले दिन जीपीएम के हिस्से कोई भी मेडल नही आया लेकिन 10 सितंबर की शाम जीपीएम का खाता खुला और लक्ष्मी ने 5000 मीटर में काँस्य पदक पर कब्जा जमाया अगली सुबह और प्रतियोगिता के अंतिम दिन सुबह 4 म100 मीटर रिले में एक और पदक राज्य के खाते में डाल दिया शाम होते होते 4म400 में लक्ष्मी ने एक और कांस्य पदक छत्तीसगढ़ के खाते में डाल दिया क्रम यही नही रुका 4म400 मीटर रिले में अब बारी अरुण यादव की थी अरुण ने भी रफ्तार के साथ जीपीएम सहित छत्तीसगढ़ के लिए एक और पदक जीत लिया पूरी प्रतियोगिता का अंतिम इवेंट 4म100 मीटर रिले में शिल्पी राठौर ने दम दिखाया और जिले का एकमात्र स्वर्ण पदक जीत लिया इस तरह जीपीएम के हिस्से 1 स्वर्ण और 4 कांस्य के साथ 5 पदक आये एवं एथलीट ने ये तय कर दिया के नवीन और छोटे जिले से आकर कम सुविधाओं और संसाधनों के साथ भी बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है जिले में लगातार मिट्टी पर अभ्यास करने के बावजूद सिंथेटिक ट्रेक पर उतरने का दबाव और इतना जानदार प्रदर्शन सभी की पूर्ण मेहनत को दर्शाता है जिले के सभी एथलीट ने क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जिला एथलेटिक्स संघ जीपीएम के सचिव नागेन्द्र सिंह ने बताया कि हम अपने एथलीटों के लिए हर जरूरी मदद करने का प्रयास संघ के माध्यम से लगातार कर रहे एथलीटों की कड़ी मेहनत व लगन और सभी के सहयोग से ये खिलाड़ी बड़ी बड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे इस प्रदर्शन पर जिला एथलेटिक्स संघ से पवन सुल्तानिया एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया व शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रायपुर में जिला एथलेटिक्स संघ जीपीएम के पदाधिकारी जिसमे सुशील मिश्रा पी जी जयकृष्णन संजय कैवर्त प्रमोद धीवर ऑफिसियल के तौर पर मौजूद रहे।

## यूपी के इस शहर 700 में मिलता था 2000 का नोट, पुलिस ने मारा छापा तो सामने आई बड़ी सच्चाई

यूपी के फिरोजाबाद में नोटों के खेल की जानकारी अब पुलिस को पड़ी तो वह भी मामला सुनकर सन्न रह गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा तो नजारा देखकर होश उड़ गए। यहां 2000 का नोट मात्र 700 रुपये में दिया जाता था। कमरे के अंदर 2000 और 500 के नोटों की गड्डियां बिखरी पड़ी थीं। कमरे के अंदर पुलिस को नोट को बनाने वाले सारे उपकरण भी मिले।पुलिस को फिर माजरा समझने में तनिक भी देर नहीं लगी। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को भी



गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने यहां से 54 हजार रुपये के नकली नोट और उन्हें बेचकर कमाए 58 हजार रुपये भी बरामद किए। स्याही, प्रिंटर के साथ नोट पर लगने वाली महात्मा गांधी की मुहर, सफेद स्याही की रिफिल ( पेन ), फेवी गम की प्लास्टिक शीशी, एक कैची, हरे व सफेद रंग का सेलो टेप, कागज काटने ( नोट ) ब्लेट कटर, एक ब्लेड की डिब्बी व एक स्केल ( लोहे की ) पर नकली नोट छापने का काम चलता मिला। इसके अलावा बदमाशों के पास से 53900 रुपये नकली नोट बरामद किए। वहीं नकली नोटों को बेचकर कमाए 58 हजार के असली नोट भी बरामद किए। पुलिस ने मौके से कमल प्रताप निवासी जगजीवन नगर सैलई थाना रामगढ़, रामवीर निवासी राजा का ताल थाना टूंडला व कुलवेंद्र उर्फ विकास निवासी सिकेरा थाना मटसेना को गिरफ्तार किया है।